नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# जंगल धूसड़, गोरखपुर

स्थापित २००५ ई.

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

पत्रांक : ..................

दिनांक : 13.02.2019

## प्रकाशनार्थ

बी. एड्. स्काउट–गाइड परिचयात्मक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन स्काउट–गाइड प्रशिक्षक सूरज चन्द मौर्य और अंकित कुमार गौड़ ने सर्वप्रथम छात्राध्यापक– छात्राध्यापिकाओं को 10 टोलियों में बाँटकर ड्रिल की पूरी जानकारी कराया तत्पश्चात् वेडेन पावेल के छः व्यायाम से परिचय कराया तथा ध्वज बाँधने का प्रशिक्षण एवं ध्वज शिष्टाचार की पूरी जानकारी दी टोली नं. 2 के छात्राध्यापकों ने ध्वज शिष्टाचार का कार्य सम्पन्न किया।

कक्षा में छात्राध्यापक–छात्राध्यापिकाओं को स्काउट–गाइड का प्रतीक चिन्ह सैल्यूट, बायाँ हाथ मिलाना, झण्डे की बनावट, टोली का ज्ञान, रस्सियों की जानकारी स्काउटिंग के खेल एवं कैम्प फायर की जानकारी दी गयी।

डॉ. विद्यावती गुप्ता एसोसिएट प्रो. मनोविज्ञान विभाग संेट एण्ड्रयुज कॉलेज की रेंजर लीडर ने इस शिविर का निरीक्षण किया। प्रशिक्षक श्री सूरज चन्द मौर्य ने स्काउट–गाइड शिविर की गतिविधियों से परिचित कराया। डॉ. विद्यावती गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस शिविर के माध्यम से अपने आन्तरिक गुणों को निखारें तथा व्यवहार में परिवर्तन लायें। प्रशिक्षु आप सभी अपने अन्दर सहयोग, सकारात्मक भावना, आत्मविश्वास का परिमार्जन करें तथा कठिन परिस्थितियों में किस प्रकार समायोजन किये जाएं उनके गुर सीखें। डॉ. विद्यावती गुप्ता जी को उत्तरीय प्रदान कर बी एड्. विभागाध्यक्ष श्रीमती शिप्रा सिंह ने स्वागत किया। एवं रोवर्स रेंजर्स प्रभारी श्री नवनीत कुमार सिंह ने आभार ज्ञापन किया।

**(डॉ. राजेश शुक्ला)**
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी